लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

'भारतीय संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार मानती है': लोक सभा अध्यक्ष

ग्रेटर नोएडा, 22 अक्टूबर 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज ग्रेटर नोएडा स्थित शारदा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद (ARSP) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के साथ दीपावली मिलन समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया ।

दीपावली मिलन के इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि दीपावली हमारा महापर्व है क्यूंकि हमारी संस्कृति में ज्ञान के, विद्या के प्रकाश को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। विद्या के प्रकाश के सहारे ही हम बुराइयों से बचे रहते हैं। श्री बिरला ने उपनिषदों का उल्लेख करते हुए कहा कि उपनिषदों में ईश्वर से प्रार्थना की गई है कि- हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। इसी तरह से दीपावाली का यह पर्व बुरी प्रवृत्तियों और अज्ञान के , अविद्या के अंधेरे से निकलकर ज्ञान और विद्या के प्रकाश की ओर बढ़ने के संकल्प का भी पर्व है।

श्री बिरला ने भारतीय संस्कृति के विषय में कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व को एक परिवार मानती है। 'वसुधैव कुटुम्बकम' की धारणा के आधार पर हम सदियों से अन्य देशों के साथ प्यार, भाईचारे और अपनेपन का सम्बंध बनाते रहे हैं और, ज्ञान-विज्ञान का आदान-प्रदान करते रहे: हैं। भारत की इसी प्राचीन मान्यता का अनुसरण करते हुए ARSP लगभग पचास वर्षों से विदेशी छात्र-छात्राओं को हमारे सांस्कृतिक परिवेश में शामिल करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहा है।

श्री बिरला ने इस अवसर पर महात्मा गाँधी के 150वी जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि आज भी सम्पूर्ण विश्व महात्मा गाँधी के विचार एवं दर्शन को याद करता है और हम सभी उनके सिखाए हुए सत्य एवं अहिंसा के पथ पर सदैव चलने का प्रयत्न करते है।

भारत की विविधता में एकता का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत में अनेक प्रकार के खान-पान, परम्पराएँ, मान्यताएँ, सामाजिक रीति-रिवाज, वेशभूषा, भाषा, त्यौहार ,आदि मौजूद हैं। परन्तु हमारी संस्कृति इस अद्भुत विविधता को एक माला में बांधती है और हम सब को एकता प्रदान करती है।

आयोजन के अंत में श्री बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद को साधुवाद दिया और उपस्थित सभी लोगों को आने वाले दीपावली त्यौहार की बहुत-बहुत बधाई दी।

INDIAN CULTURE CONSIDERS ENTIRE WORLD AS A FAMILY: LOK SABHA SPEAKER

Greater Noida, 22 October 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla attended a programme to celebrate Deepawali among foreign students, organised by Antar Rashtriya Sahyog Parishad (ARSP), at Sharda University in Greater Noida today.

On this occasion of Deepawali Milan, Shri Birla said that Deepawali is our grand festival, because our culture accords great importance to the light of knowledge. It is through the light of knowledge that we can save ourselves from evils. Referring to Upanishads, Shri Birla said that Upanishads contain a prayer to take us towards light from darkness. Similarly, Deepawali helps us to reach the path of knowledge and light.

Shri Birla emphasised that Indian culture considers the entire world as a family. He referred to the fact that India, following the path of Vasudhaiv Kutumbkkam since ancient times, has always maintained cordial and friendly relations with other countries. He expressed the view that ARSP, in compliance with this age-old wisdom, has been trying sincerely to propagate this spirit among foreign students.

Remembering Mahatma Gandhi on his 150th Anniversary, Shri Birla said that the entire world has reposed unshakeable belief in the Gandhian ideology. As such, we all should try our best to walk on the path shown by him.

Referring to the unity in diversity of India, Shri Birla said that there are diverse traditions, languages, festivals and eating habits in country. But our culture weaves these diversities in a single rosary which integrates us.

Shri Birla thanked ARSP and Sharda University for organising the programme. He wished a very happy and prosperous Deepawali to the students and others.